खालसा गर्ल्स कॉलेज मोरिंडा

मोरिंडा|बाबा जोरावर सिंह फतेह सिंह खालसा गर्ल्स कॉलेज कैंपस प्रिंसिपल डॉ. पुष्पिंदर कौर के संरक्षण में कॉलेज के पंजाबी विभाग ने 'हरियाली तीज' मनाई। डॉ. गुरप्रीत कौर ने बताया कि बीए पार्ट 3 की छात्रा मनप्रीत कौर ने तीज उत्सव के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। जबकि कॉलेज की गिद्दा टीम ने गिद्दा पेश किया। कार्यक्रम में बीए भाग -2, की गुरलीन कौर को मिस तीज चुना गया। प्राचार्य डॉ. पुष्पिंदर कौर ने पारंपरिक सांस्कृतिक पंजाबी पोशाक में आई युवतियों को अपनी संस्कृति से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। फैशन डिजाइनिंग विभाग की प्रो. अलका ने त्रिंजन को प्रदर्शित करते हुए एक फोटो पॉइंट बनाया गया। इस अवसर पर पंजाबी विभाग के प्रमुख डॉ. गुरप्रीत कौर, यूथ क्लब के प्रभारी प्रो. दिव्या शर्मा, लाइब्रेरियन लवप्रीत कौर के अलावा कॉलेज का पूरा टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ मौजूद रहा।